web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 14 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 225

# कर्नाटक में 'किंग' बनी कांग्रेस, बीजेपी ने कबूल की 'हार'



**बेंगलुरू।** कर्नाटक विधानसभा चुनावों के तहत वोटों की गिनती जारी है. कर्नाटक में कांग्रेस किंग बनकर उभरी है. रुझानों और नतीजों को लेकर दिल्ली और कर्नाटक समेत देशभर के कांग्रेस (138 सीटें) दफ्तरों में जश्न मनाया जा रहा है. उधर, बीजेपी (63 सीटें) ने हार स्वीकार कर ली है. सीएम बोम्मई ने कहा कि हम मंजिल तक नहीं पहुंच पाए.बीएस येदियुरप्पा ने हार स्वीकार करते हुए कहा कि हार-जीत भाजपा के लिए बड़ी बात नहीं है. 2 सीट से शुरुआत कर भाजपा आज सबसे बड़ी पार्टी बन गई है. कार्यकर्ताओं को दुखी होने की जरूरत नहीं है.

वहीं कांग्रेस के सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि हम चुनाव जीते हैं तो बजरंग दल बैन होगा. उन्होंने कहा कि ये असर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का है. कर्नाटक की जनता ने नफरत की राजनीति को नकार दिया है. बजरंग बली का आशीर्वाद हमें मिला है. सारे सूफी संतों का आशीर्वाद हमें मिला है. बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव की 224 सीटों पर 10 मई को मतदान हुआ था. हालांकि इस बार के चुनाव में 73.19 फीसदी मतदान हुआ था, जो 2018 के चुनाव के मुक़ाबले 1% ज्यादा है. कर्नाटक में इतनी बड़ी संख्या में मतदान का यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है.

## कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड जीत के बाद अब सीएम पद पर निगाहें, सिद्धारमैया या शिवकुमार? आलाकमान लेगा निर्णय

**बेंगलुरू(आरएनएस)।** कर्नाटक में प्रचंड जीत के बाद कांग्रेस पार्टी की निगाहें अब इस बात पर टिक गई हैं कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। विपक्ष के नेता सिद्धारमैया और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार इस पद के लिए सबसे आगे हैं। दोनों फैसले के लिए आलाकमान की ओर देख रहे हैं। मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इस सवाल का जवाब देते हुए सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि आलाकमान नवनिर्वाचित विधायकों की राय लेगा और उसी के अनुसार फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आलाकमान द्वारा पर्यवेक्षकों को यहां भेजा जाएगा और बाद में परामर्श और उचित प्रक्रिया के बाद निर्णय लिया जाएगा। शिवकुमार ने यह भी कहा कि आलाकमान फोन करेगा।

सूत्रों ने बताया कि शिवकुमार और सिद्धारमैया के लिए आलाकमान 50:50 के फॉर्मूले के साथ आ रहा है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए दांव बहुत बड़ा है।

सिद्धारमैया को अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और दलितों वाले अहिंदा (अल्पसांख्य, हिंदुलिदा और दलित) समूह के जननेता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने नीति निर्माण और घोषणापत्र के वादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और आरएसएस की तीखी आलोचना के लिए भी जाना जाता है। शिवकुमार ने राज्य में पार्टी को शून्य से ऊपर उठाया, जब बीजेपी ने 2019 में उसके नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। उन्होंने पार्टी को संगठित किया और संसाधनों को जमा किया। वह वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं और कांग्रेस पार्टी के लिए उनसे अधिकांश वोट हासिल करने में कामयाब रहे।

## जेडीएस से कांग्रेस शिफ्ट हुआ मुस्लिम वोट बैंक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक विधान सभा चुनाव के नतीजों को स्वीकार करते हुए भाजपा अब हार की समीक्षा और इसके मुताबिक पार्टी में बदलाव लाने की बात कह रही है। हालांकि पार्टी के कई नेता यह मान रहे हैं कि कांग्रेस द्वारा बजरंग दल पर बैन लगाने के वादे की वजह से मुस्लिम समुदाय का एकतरफा ध्रुवीकरण कांग्रेस के पक्ष में हुआ, जिसकी वजह से जेडीएस के वोट बैंक में बहुत ज्यादा गिरावट आई और इस तरह का चुनावी नतीजा सामने आया। शनिवार को मतगणना शुरू होने के एक घंटे के अंदर ही भाजपा ने यह स्वीकार कर लिया था कि जेडीएस के वोट कांग्रेस की तरफ ट्रांसफर हो गए हैं और हर गुजरते पल के साथ भाजपा की यह आशंका सही साबित होती नजर आई। कर्नाटक के ओल्ड मैसूर इलाके को जेडीएस का गढ़ माना जाता है। इस इलाके में विधान सभा की 55 सीटें हैं और इन सीटों पर जीत-हार का फैसला वोक्कालिगा और मुस्लिम मतदाता ही करते आए हैं और ये दोनों ही समुदाय जेडीएस के ठोस वोट बैंक माने जाते रहे हैं। लेकिन कांग्रेस द्वारा बजरंग दल पर बैन लगाने के वादे और भाजपा द्वारा इसे बजरंगबली के अपमान से जोडऩे की मुहिम ने मुस्लिम वोट बैंक का ध्रुवीकरण कांग्रेस के पक्ष में कर दिया। आंकड़े भी यही कहानी बयां करते नजर आ रहे हैं। 2018 के पिछले विधान सभा चुनाव में 18.3 प्रतिशत मत के साथ जेडीएस ने 37 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं 38.1 प्रतिशत मत के साथ कांग्रेस को 80 सीटों पर जीत हासिल हुई थी लेकिन इस बार के विधान सभा चुनाव में अब तक आये नतीजों की बात करें तो जेडीएस के वोट बैंक में लगभग 5 प्रतिशत की गिरावट आई है और यही 5 प्रतिशत कांग्रेस को ज्यादा मिला है। जेडीएस के सबसे मजबूत गढ़ कर्नाटक के ओल्ड मैसूर इलाके की बात करें (जहां मुस्लिम मतदाताओं की तादाद अच्छी-खासी है) तो वहां जेडीएस की लगभग 15 सीटें घटती दिखाई दे रही हैं और इस इलाके में कांग्रेस को पिछली बार की तुलना में लगभग 17 सीटों का फायदा होता नजर आ रहा है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आधी रात को घर में सो रही दो महिलाओं को सांप ने काटा, अस्पताल भर्ती

**भरतपुर (आरएनएस)।** बसेड़ी थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में आधी रात को घर में सो रही दो महिलाओं को सांप ने काट लिया। दोनों महिलाएं आपस में देवरानी-जेठानी हैं। सांप के काटने से अचेत हुई महिलाओं को बसेड़ी अस्पताल भर्ती कराया गया। रात भर बसेड़ी अस्पताल में इलाज चला, हालत नहीं सुधरे तो उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। धौलपुर जिला अस्पताल में गंभीर हालत में लाई गई दोनों महिलाओं को फीमेल मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया गया है। यहां डॉक्टरों की देखरेख में दोनों का इलाज हो रहा है। महिलाओं को लेकर अस्पताल पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि जेठानी केसन देई (26) और दोरानी रामा (25) रात को चारपाई पर सो रही थी। इन्हें रात को सोते वक्त सांप ने काट लिया। सांप के काटते ही दोनों महिलाएं चीखने लगीं। महिलाओं के चीखने चिल्लाने पर घरवाले उन्हें लेकर बसेड़ी अस्पताल पहुंचे, जहां रात भर दोनों महिलाओं का इलाज किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि रात भर दोनों महिलाओं का इलाज हुआ। बावजूद इसके सुबह जब हालात नहीं सुधरे तो डॉक्टर्स ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में दोनों महिलाएं भर्ती हैं।

### युवती को पसंद नहीं था होने वाला पति, प्रेमी के साथ मिलकर कर दी हत्या

**रांची (आरएनएस)।** एक युवती को अपना होने वाला पति पसंद नहीं था। ऐसे में अपने होने वाले पति से निजात पाने के लिए उसने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। वारदात झारखंड के झारखंड सिमडेगा जिला अंतर्गत कोलेबिरा की है। हत्या के 72 घंटे के बाद पुलिस ने इसका खुलासा कर हत्याकांड में शामिल आशुतोष कुमार, गुडिय़ा कुमारी, रौनक उपाध्याय तथा पीयूष कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार केरसई निवासी रवि की शादी तोरपा की सोन्दारी गांव निवासी गुडिय़ा कुमारी के साथ 20 मई को होनी थी। गुडिय़ा पूर्व से ही आशुतोष कुमार से प्यार करती थी। इससे दोनों में विवाद होता रहता था। इसी वजह से गुडिय़ा ने आशुतोष के साथ मिलकर रवि को कोलेबिरा बुलाया और घाटी में उसकी हत्या कर दी। रवि का शव 8 मई को बंदरचुआं सडक़ के नजदीक मिला था। घटनास्थल से 100 मीटर दूर उसकी बाइक भी बरामद की गयी थी। घटना के 72 घंटे बाद पुलिस और तकनीकी शाखा ने इस कांड का खुलासा कर दिया। हत्या में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी आरोपियों ने भी अपना जुर्म कबूल कर लिया है। इसके साथ ही वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया है।

### शराब के चक्कर में यात्री ने एयरपोर्ट पर मचाया हंगामा, सीआईएसएफ ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता (आरएनएस)।** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बीती रात एक नशे में धुत यात्री के हंगामा करने से परिसर में अफरा-तफरी मच गई। यात्री प्रतुल घोष को पहले हवाई अड्डे की सुरक्षा के लिए तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने हिरासत में लिया और बाद में स्थानीय कोलकाता हवाई अड्डा पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। पता चला कि शुक्रवार की रात घोष को इंडिगो की फ्लाइट से मुंबई जाना था, वह कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचा। बोर्डिंग प्रक्रिया शुरू होने से काफी पहले आगमन पर, वह हवाईअड्डा परिसर के भीतर एक बार में गया और शराब का सेवन किया। हालांकि, परेशानी तब शुरू हुई जब बार अधिकारियों ने घोष को 3,750 रुपये का बिल दिया और वह उसे चुकाए बिना बार से भागने की कोशिश करने लगा। बार के कर्मचारियों द्वारा रोकने पर उसने पैसे देने से मना कर दिया और कर्मचारियों से मारपीट करने लगा। उसने कथित तौर पर कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। जल्द ही हवाईअड्डे की सुरक्षा के लिए नियुक्त सीआईएसएफ कर्मचारी वहां पहुंचे और शुरू में उन्होंने घोष को बिल का भुगतान करने के लिए कहा। हालांकि, जब उसने इससे इनकार कर दिया और बिलों का भुगतान न करने के अजीब कारण बताए, तो उसे हिरासत में ले लिया गया और फिर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। चालू सप्ताह के दौरान यह दूसरी बार है जब कोलकाता हवाईअड्डा शराब के नशे में धुत यात्रियों के उपद्रव के कारण चर्चा में आया।

# नेपाल भी करने लगा चीन जैसी हरकत, बॉर्डर पर श्रमिकों पर की पत्थरबाजी, तोड़ी जेसीबी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पड़ोसी देश नेपाल ने एक बार फिर भारत को टेंशन दी है। अब नेपाल भी चान जैसी हरकतें करने लगा है। नेपाल नागरिकों की ओर से उठाए गए इस कदम के बाद भारत भी बॉर्डर पर सतर्क हो गया है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में यह मामला सामने आया है। काली नदी किनारे घटखोला में तटबंध निर्माण का विरोध करते हुए नेपाल नागरिकों की ओर से पत्थरबाजी की गई है।

इस दौरान वहां काम कर रही जेसीबी का शीशा टूट गया। पत्थरबाजी के दौरान वहां काम कर रहे श्रमिकों ने किसी तरह भागकर जान बचाई। शुक्रवार को दो नेपाली युवकों ने अचानक जीरो पॉइंट घटखोला में भारतीय क्षेत्र में कार्य कर रही मशीनों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। अचानक हुई पत्थरबाजी से वहां काम कर रहे मजदूर सहम गए। उन्होंने भागकर जान बचाई। पत्थरबाजी में भारतीय क्षेत्र में काम कर रही जेसीबी का शीशा टूट गया है। पत्थरबाजी की सूचना पर कोतवाल कुंवर सिंह रावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नेपाल के युवकों ने पत्थरबाजी तो की ही साथ ही अश्लील हरकतें की।

हैरानी की बात रही कि घटना के वक्त नेपाल पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। लेकिन नेपाल पुलिस की ओर से पत्थरबाजी कर रहे युवकों को नहीं रोका गया। इस घटना से यहां भारतीय लोगों में आक्रोश है। मांग की है कि बॉर्डर पर सख्ती की जाए ताकि इस तरह की घटना दोबारा नहीं हो सके।

# सीएम एकनाथ शिंदे के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**दो मंत्रियों के साथ सतारा जा रहे थे**



**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी है। तकनीकी खराबी आने के कारण हेलीकॉप्टर को राजभवन के हेलीपैड पर उतारना पड़ा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ उद्योग मंत्री उदय सामंत और मंत्री संदीपान भुमरे मौजूद थे। सभी सतारा जिले में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

हालांकि, हेलीकॉप्टर में क्या तकनीकी खराबी आई थी, इसका पता नहीं लग सका है। अधिकारी इसका पता लगाने की बात कर रहे हैं। हालांकि, इस घटना में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं, खबर है कि शिंदे अब सतारा नहीं जा पाएंगे। इस समय पूरे प्रदेश में सीएम एकनाथ शिंदे अपनी पार्टी शिवसेना को मजबूत करने पर जुटे हुए हैं।

इन दिनों महाराष्ट्र में उद्धव गुट और शिवसेना गुट इन दिनों एक-दूसरे पर हमलावर हैं। वहीं, अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शिंदे गुट सरकार में बने रहे। कोर्ट के इस फैसले के बाद उद्धव गुट के विधायकों की सदस्यता खतरे में पड़ सकती है। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे खेमे के विधायक संजय शिरसाट ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के समर्थन वाले खेमे के 6 से 7 विधायक उनसे लगातार संपर्क में हैं। वह जल्द ही सीएम शिंदे को अपना समर्थन दे देंगे।

संजय शिरसाट के मुताबिक, कोर्ट ने कहा है कि पार्टी और सिंबल को लेकर इलेक्शन कमिशन जो भी फैसला करेगा, उसे मानना होगा, तो बता देना चाहते हैं कि चुनाव आयोग ने हमारे हक में फैसला दिया था, इस वजह सेअसली शिवसेना हम ही हैं।

# अब तक 2.65 लाख से अधिक तीर्थयात्री कर चुके बाबा केदार के दर्शन, श्रद्धालुओं को महंगाई से होना पड़ रहा दो चार



**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** केदारनाथ धाम की यात्रा को 19 दिन का समय हो गया है। और यात्रा में 2 लाख 65 हजार से अधिक तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ धाम में बाबा केदार के दर्शनों के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं को महंगाई समेत कई अन्य समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। धाम में होटलों के रेट इतने ज्यादा हैं कि उनका बजट बिगड़ रहा है, तो दूसरी तरफ यात्रियों का कहना है कि उनसे यात्रा मार्ग पर घोड़े खच्चरों का डबल रेट लिया जा रहा है। केदारनाथ धाम में बढ़ती महंगाई से तीर्थयात्री खासे परेशान हैं। यात्रियों का कहना है कि उनको दोगुने दामों पर घोड़े खच्चर मिल रहे हैं, जबकि पालकी के दाम भी आसमान छू रहे हैं। केदारनाथ में होटलों के रेट इतने ज्यादा हैं कि तीर्थयात्रियों का बजट बिगड़ रहा है। इसके साथ ही पैदल यात्रा मार्ग पर सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है।

तीर्थयात्रियों का कहना है कि घोड़े खच्चर का तय किराया 2500 रुपये है, लेकिन संचालक उनसे 5 से 6 हजार रुपये मांग रहे हैं, जबकि पैदल मार्ग पर घोड़े खच्चरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रास्ते में घोड़े खच्चरों की लीद होने से लोग फिसल रहे हैं। ऐसे में कोई अधिकारी या कर्मचारी हमारी सुनने को तैयार नहीं हैं।डीएम मयूर दीक्षित ने कहा कि घोड़े खच्चरों से सामने ही बात की जाएगी। साथ ही होटलों व्यापारियों से भी बात की जाएगी।

केदारनाथ यात्रा पड़ाव के सोनप्रयाग- गौरीकुंड का सफर भी तीर्थयात्रियों के लिए भारी पड़ रहा है। पांच किमी के सफर में तीर्थयात्रियों को घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। वहीं जगह-जगह गड्ढे होने से श्रद्धालुओं की हालत भी खराब हो रही है। धाम की यात्रा भगवान केदारनाथ के ही भरोसे चल रही है। गौरीकुंड से घोड़ा पड़ाव तक दो किमी पैदल मार्ग में कहीं पर भी पुलिस के जवान नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में तीर्थयात्री धक्का-मुक्की करके आगे बढ़ रहे हैं।

25 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। जिसके बाद से हजारों की संख्या में हर दिन श्रद्धालु बाबा केदार के दरबार में पहुंच रहे हैं। यात्रा का आंकड़ा 19 दिन में 2 लाख 65 हजार के पार हो चुका है।

# पालघर में रहस्यमयी तरीके से जलकर खाक हुआ फिल्म स्टूडियो, पांच महीने पहले मिली थी एक्ट्रेस तुनिषा की लाश



**पालघर (आरएनएस)।** पालघर का शूटिंग स्टूडियो, जहां पांच महीने पहले टेलीविजन एक्ट्रेस तुनिषा शर्मा की लाश मिली थी, रहस्यमयी तरीके से आग में जलकर खाक हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी के मुताबिक, मुंबई से करीब 40 किलोमीटर दूर वसई शहर के कामन स्थित भजनलाल स्टूडियो में आधी रात को आग लगने की खबर मिली।

अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए वसई और विरार से दमकल टीमों को भेजा गया था। आखिरकार शनिवार तडक़े करीब चार बजे आग बुझा दी गई। उस समय स्टूडियो में कोई नहीं था और इसलिए किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि आग लगने का कारण या शूटिंग स्थल को हुए नुकसान के बारे में अभी ठीक-ठीक जानकारी नहीं है।

इसी स्टूडियो में 24 दिसंबर 2022 को 21 साल की अभिनेत्री तुनिषा शर्मा की लाश मिली थी। वह धारावाहिक 'अलीबाबा: दास्तान-ए-काबुल' की शूटिंग कर रही थीं। सेट के एक वॉशरूम में उन्हें फांसी पर लटका पाया गया था, जिसने मनोरंजन जगत में भारी हंगामा मचाया था।

एक दिन बाद उसके प्रेमी शीजान खान को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और लगभग तीन महीने जेल में रहने के बाद मार्च में उसे जमानत दे दी गई थी।

# एनसीबी और भारतीय नौसेना का बड़ा एक्शन, एक संयुक्त अभियान में जब्त की 12,000 करोड़ रुपए की हेरोइन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोच्चि के तट से दूर अरब सागर में ड्रग्स की एक बड़ी खेप जब्त की गई है। अपनी अब तक की सबसे बड़ी वसूली में, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने भारतीय नौसेना के साथ एक संयुक्त अभियान में 12,000 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की।

एनसीबी और भारतीय नौसेना की संयुक्त टीम ने अरब सागर में 2500 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की है। जब्त की गई दवाओं का अंतरराष्ट्रीय मूल्य लगभग 12,000 करोड़ रुपये है, सूत्रों ने कहा कि यह अब तक की सबसे बड़ी जब्त की गई खेप है। इस खेप को इराक से ऑस्ट्रेलिया ले जाया जा रहा था। करीब 15 दिन पहले एनसीबी और नेवी को इस खेप के भारतीय तट से गुजरने की सूचना मिली थी। एजेंसियों का दावा है कि ये भारत में अब तक की सबसे बड़ी ड्रग्स की खेप है। अधिकारियों ने कहा कि ड्रग्स एजेंसी और भारतीय नौसेना के संयुक्त छापे में एक पाकिस्तानी नागरिक को भी हिरासत में लिया गया। यह कार्रवाई अफगानिस्तान से समुद्र के रास्ते भारत में होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान 'ऑपरेशन समुद्रगुप्त' के तहत की गई है।

# ईरान ने दो फ्रांसीसी नागरिकों को मानवीय आधार पर किया रिहा



**तेहरान ।** ईरान ने मानवीय आधार पर दो फ्रांसीसी नागरिकों को रिहा कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। बर्नार्ड फेलन और बेंजामिन ब्रिएरे को क्रमश: 2022 और 2020 में ईरान में गिरफ्तार किया गया था।

बीती देर रात मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक बयान में, प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा कि रिहाई दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर बातचीत के बाद हुई है, जिसमें ईरानी और फ्रांसीसी विदेश मंत्रियों के बीच चर्चा भी शामिल थी।

उन्होंने कहा कि रिहाई ईरान के संबंधित कानूनों और नियमों के अनुरूप थी।

64 वर्षीय ट्रैवल कंसल्टेंट फेलन फेलन, जो आयरिश राष्ट्रीयता भी रखते हैं, को अक्टूबर 2022 में ईरान में गिरफ्तार किया गया था और 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के बाद विदेश में सुरक्षा जानकारी भेजने के लिए छह साल से अधिक जेल की सजा सुनाई गई, जिसकी पुलिस थाने में बेहोश होने के कुछ दिन बाद 16 सितंबर को तेहरान के एक अस्पताल में मौत हो गई थी।

ब्रिएरे को मई 2020 में गिरफ्तार किया गया था और जासूसी के आरोप में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

तुर्कमेनिस्तान-ईरान बॉर्डर के पास हवाई या मोशन इमेज प्राप्त करने के लिए रिमोट-कंट्रोल मिनी हेलीकॉप्टर उड़ाने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया था।

फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना के अनुसार, फेलन को मशहद जेल से रिहा किया गया और वह अपने हमवतन ब्रिएरे के साथ फ्रांस जा रहे हैं।

तेहरान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि कोलोना ने शुक्रवार को अपने ईरानी समकक्ष होसैन अमीर अब्दोलाहियन से बात की और रिहाई को एक प्रभावी कदम के रूप में बताया।

आमिर-अब्दोल्लाहियन ने यथार्थवादी ²ष्टिकोण के लिए फ्रांस की सराहना की। उन्होंने आज की बदलती दुनिया में फ्रांस की रणनीतिक स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया।